हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 शिक्षा के मंदिर तक पहुंचा शराबियों की धमक...



12 जिला अर्थशाला का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर...








### खबर संक्षेप

### ज्वेलरी लुटने वालों की जांच में जुटी पुलिस

**भाटापारा।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरेंगा से ग्राम रोहरा के मध्य 16 जुलाई को सुबह ज्वेलरी दुकान संचालक बलराम सोनी से हुई लूट का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। एसपी गौरव राय स्वयं शाम को घटना स्थल पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना कर आरोपी को शीघ्र पकडने का निर्देश दिया। एडीशनल एसपी एच.एस.सिदार ने बताया लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकडने एसडीओपी तारेश साहू के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम का गठन किया गया गया है, जो इस लूट के मामले की सघन पडताल व आसपास लगे सीसी टीवी और अन्य संदिग्ध गतिविधि वाले क्षेत्र की जांच व पतासाजी करेगी। सिदार ने बताया प्रार्थी की रिपोर्ट पर 12 लाख की चांदी व सोने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। वही भाटापारा लिमतरा मार्ग जहां यह घटना घटित हुई है वह काफी व्यस्ततम मार्ग है, जहां प्रतिदिन 2500-3000 छोटे बडे वाहनों की आवाजाही होती है वहीं जहां यह घटना घटित हुई वहां का दो से तीन किलोमीटर का फेस ऐसा है जो सूनसान पडता है। वहीं पुलिस ने घटना के बाद उस मार्ग व आसपास के क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी है।

### निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए तृतीय चरण की प्रक्रिया प्रारंभ

**बलौदाबाजार।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी अशासकीय विद्यालयों में पहली कक्षा में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के लिए तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रक्रिया 17 जुलाई से प्रारंभ होगी। पात्र अभिभावक 22 जुलाई से 5 अगस्त तक आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन तजम.बह.दपब.पद वेबसाईट पर जाकर कर सकते हैं। जिले में रिक्त सीटों की जानकारी 17 से 21 जुलाई तक जारी की जाएगी।

### मदद करने का झांसा एटीएम से 19 हजार पार

**रायपुर।** एटीएम से पैसे निकालने गई महिला के साथ शातिर ठगों ने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर 19 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता को घटना की भनक तब लगी, जब घर पहुंचने के बाद परिजनों ने खाते से रुपए निकलने की जानकारी दी। लीलावती यादव की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

तेज बारिश और अंधेरे के कारण हुआ हादसा

# तेज बारिश के बीच दो ट्रकों में भिड़ंत, पुलिस ने केबिन काट कर बचाई चालकों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

गिधौरी से बलौदाबाजार मार्ग पर शुक्रवार को तड़के सुबह तेज बारिश और घने अंधेरे के बीच दो ट्रकों के बीच भिड़ंत हो गई। गिधौरी पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग और डायल 112 की टीम ने इसके लिए जांबाज रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पुलिस की सूझबूझ से केबिन में फंसे घायलों को न सिर्फ सुरक्षित निकाला गया, बल्कि घंटों से ठप पड़े मार्ग को भी बहाल कराया गया।

जानकारी के अनुसार घटना तड़के सुबह करीब 4 बजे की है। गिधौरी-कसडोल सड़क मार्ग पर ग्राम नवापारा धमलपुर के पास मुख्य मार्ग पर एक गाड़ी तकनीकी खराबी के कारण खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भारी ट्रक आपस में बुरी तरह से भिड़ गए। इस भीषण दुर्घटना में ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और वाहन चालक अंदर ही जिंदगी और मौत के बीच फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशानुसार, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप बंजारे के नेतृत्व में थाना गिधौरी पुलिस बल, हाईवे पेट्रोलिंग टीम और डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और रात के घने अंधेरे के बावजूद पुलिस जवानों ने हार नहीं मानी। सीमित संसाधनों के सहारे पुलिस ने क्षतिग्रस्त केबिन को कटर से काटकर अंदर फंसे घायल चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसमें से एक चालक गंभीर रूप से घायल था, जिसे पुलिस ने बिना वक्त गंवाए अपनी ही गाड़ी से तत्काल नजदीकी अस्पताल रवाना किया, जहां फिलहाल उसका उपचार जारी है। इस भीषण दुर्घटना के कारण दोनों भारी ट्रक सड़क के बीचों-बीच ही फंस गए थे, जिससे कसडोल-गिधौरी मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बरसते पानी में पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराया। सुबह तक चले इस कड़े रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मार्ग को पूरी तरह क्लियर कर यातायात सुचारू रूप से बहाल कराया गया। विपरीत परिस्थितियों, भारी बारिश और घने अंधेरे के बीच गिधौरी पुलिस द्वारा दिखाए गए इस मानवीय और जांबाज चेहरे की राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस सही समय पर तत्परता नहीं दिखाती, तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी।



### दो बाइकों की भिड़ंत, डायल-112 ने दो घायलों की बचाई जान



**बलौदाबाजार।** चौकी करही बाजार क्षेत्र के ग्राम बिटकुली में गुरुवार रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार पहुंचाकर भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार रात करीब 8 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर आरक्षक बिजेंद्र साहू एवं पायलट विनोद सेन तत्काल घटनास्थल पहुंचे। दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त थीं और घायल सड़क किनारे लहूलुहान अवस्था में पड़े थे। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सावधानीपूर्वक डायल-112 वाहन में शिफ्ट कर 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। घटना में डायल-112 टीम की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा की स्थानीय नागरिकों एवं अस्पताल प्रबंधन ने सराहना की। पुलिस ने वाहन चालकों से रात्रि में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, हेडलाइट सही रखने, निर्धारित गति का पालन करने तथा हेलमेट पहनने की अपील की है।

### गिधौरी के पास दो बाइकों में भिड़ंत, डायल 112 से युवक-युवती की बची जान

**गिधौरी।** क्षेत्र के गिरौदपुरी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार 17 जुलाई की शाम करीब 5.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हुआ। इस दुर्घटना में दो मोटरसाइकिलों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार एक युवक और एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने बेहतरीन रिस्पांस टाइम दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जिससे समय पर उन्हें डॉक्टरी सहायता मिल सकी। कंट्रोल रूम से शाम 5.30 बजे जैसे ही इवेंट प्राप्त हुआ, डायल 112 वाहन में तैनात आरक्षक क्रमांक 757 कमलेश्वर बर्मन और वाहन चालक मोहन धीवर बिना एक पल गंवाए तत्काल घटनास्थल गिरौदपुरी पेट्रोल पंप के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने देखा कि दोनों बाइकों की सीधी टक्कर के बाद एक युवक और युवती गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर पड़े दर्द से कराह रहे थे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आसपास के लोगों की मदद से तुरंत उन्हें संभाला। पूछताछ में घायलों की पहचान प्रकाश लहरे उम्र लगभग 26 वर्ष तथा खुशी टंडन उम्र 24 वर्ष, दोनों निवासी पामगढ़ के रूप में हुई है।



#### गोल्डन आवर' में मिला त्वरित उपचार, टला बड़ा खतरा

मामले की गंभीरता और घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए आरक्षक कमलेश्वर बर्मन और चालक मोहन धीवर ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए दोनों घायलों को अत्यंत सावधानीपूर्वक उठाकर डायल 112 के सरकारी वाहन में शिफ्ट किया और तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली लेकर रवाना हुए। अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को आपातकालीन स्थिति से अवगत कराते हुए दोनों को तत्काल उपचार हेतु भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, सही समय पर इलाज शुरू होने से दोनों की हालत अब खतरे से बाहर और स्थिर बनी हुई है। दुर्घटना के ठीक बाद बिना समय गंवाए घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले सजग आरक्षक कमलेश्वर बर्मन और चालक मोहन धीवर की इस त्वरित रिस्पांस और कर्तव्यपरायणता की स्थानीय ग्रामीणों व राहगीरों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।



## कैशलेस चिकित्सा योजना के शीघ्र क्रियान्वयन का मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कैशलेस चिकित्सा योजना की नियमावली शीघ्र जारी कर प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक राकेश कुमार सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष ऊषा चंद्राकर ने विधायक ललित चंद्राकर की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार ने मार्च में बजट सत्र के दौरान योजना लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका है। संघ ने कहा कि प्रदेश के लगभग पांच लाख कर्मचारी, पेंशनर्स एवं उनके आश्रित इस जनकल्याणकारी योजना के लागू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कैशलेस चिकित्सा योजना का जल्द क्रियान्वयन किया जाएगा। साथ ही 26 जुलाई को आयोजित संघ के सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में शामिल होने का भी आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयोजक रमेश कुमार नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आजूराम सिन्हा, संभागीय अध्यक्ष देव कुमार साहू, रविशंकर सिंघन, मनोज चंद्राकर, मंजू उइके, रुक्मणी चंद्राकर सहित अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सीमा व योगेश्वरी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी रहे, अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूर्णानंद मिश्रा

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बलौदाबाजार विकासखंड की सहायक शिक्षिकाएं सीमा जायसवाल एवं योगेश्वरी साहू को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में दोनों शिक्षिकाओं को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी रहे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पूर्णानंद मिश्रा ने की। इस वर्ष देशभर से प्राप्त करीब 700 आवेदनों में से 250 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया, जिनमें शासकीय प्राथमिक शाला डोटोपार की दोनों शिक्षिकाएं भी शामिल रहीं। सीमा जायसवाल एवं योगेश्वरी साहू विद्यालय में नवाचारी शिक्षण, डिजिटल शिक्षा, बाल-केंद्रित गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उनके सम्मान पर शिक्षा जगत में हर्ष व्यक्त किया गया।



## बारिश से खेत खलिहान भरे कृषि कार्यों में आई तेजी



**खरोरा।** जिले में गुरुवार देर रात से लगातार हो रही बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह वर्षा किसी वरदान से कम नहीं है। बारिश के चलते खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे कृषि कार्यों में तेजी देखने को मिल रही है। सूखे के कारण खेतों में पड़ गई गहरी दरारें भी अब भरने लगी हैं और किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद की मुस्कान लौट आई है। बारिश नहीं होने से किसान धान की बुआई और रोपाई को लेकर चिंतित थे। कई क्षेत्रों में खेत सूखे पड़े थे और फसल प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही थी। अब हुई वर्षा से खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसान पूरे उत्साह के साथ बुआई, रोपाई और अन्य कृषि कार्यों में जुट गए हैं। जिन किसानों ने पहले बुआई कर दी थी, उन्हें भी इस बारिश से फसल के बेहतर अंकुरण की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में भी संतुलित वर्षा होती रही तो इस वर्ष धान की अच्छी पैदावार होने की संभावना है।

### मावेशियों को खुला छोड़ने वाले पशु मालिकों पर लगेगा जुर्माना

## 25 हजार से अधिक घूमंतू मवेशियों को पहनाया जाएगा रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- जनभागीदारी व प्रशासन के समन्वय से होगा घूमन्तु मवेशियों का प्रबंधन

जिले में सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और उनके बेहतर प्रबंधन के लिए प्रशासन ने एक बड़ी पहल शुरू की है। जिले के लगभग 25649 घूमंतू मवेशियों को अब रेडियम बेल्ट पहनाया जाएगा, जिससे रात के अंधेरे में भी वाहन चालकों को ये पशु दूर से दिखाई दे सकें। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित घूमंतू पशु प्रबंधन की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि घूमंतू मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना, आवागमन अवरोध,जनहानि, खरीफ सीजन में धान फसल की क्षति होती है। इसके साथ ही विभिन्न संचारी रोग का प्रसार और स्वच्छता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि घूमंतू पशुओं का प्रबंधन केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और गौशालाओं का सहयोग लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत चरवाहा और 3 -4 सक्रिय युवाओ को मानदेय देकर रखें जो सडक से मवेशियों को हटाने का कार्य करेंगे।शासन की गौधाम योजना अंतर्गत संचालित सुरभि गौधाम एवं गौशाला में क्षमता अनुसार घुमन्तू मवेशियों को रखा जाए। कलेक्टर ने छुट्टा मवेशियों के बंध्याकरण के लिये अभियान चलाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में भी सड़कों पर आवारा मवेशी विचरण न करें इसकी पुख्ता व्यवस्था हो।



#### लापरवाह पशु मालिकों पर कसेगा शिकंजा,लगेगा जुर्माना

समीक्षा बैठक के दौरान आवारा पशुओं की समस्या के मूल कारण पर भी सख्त रुख अपनाया गया। अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जो पशु मालिक अपने मवेशियों को दूध निकालने के बाद या जानबूझकर सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं, अब उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सड़कों पर मवेशी खुला छोड़ने वाले पशु मालिकों की पहचान कर उन पर जुर्माना लगाया जाए।

#### दुर्घटना में मृत गौवंश का होगा ससम्मान दफन

सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर गौवंश का पूरे सम्मान के साथ दफन की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृत गौवंश को उठाने जेसीबी की व्यवस्था से लेकर उपयुक्त तरीके से दफनाने की व्यवस्था जनपद पंचायत को करनी होगी। उन्होंने पशु चिकत्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंश के बीमार होने या दुर्घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे और जरुरी उपचार करें। इस दौरान सरपंच, गौधाम एवं गौशाला संचालकों ने भी घूमनतू मवेशियों के प्रबंधन के सम्बन्ध में जरुरी सुझाव दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,उप संचालक पशु चिकत्सा सेवाएं डॉ.नरेंद्र सिंह सहित जनपद सीईओ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सरपंच, सचिव,गौशाला संचालक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पंथी कलाकारों ने सीएम और मंत्री को दिया आमंत्रण



**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को सात समुंदर पार तक वैश्विक पहचान दिलाने वाले महान अंतर्राष्ट्रीय पंथी कलाकार स्व. देवदास बंजारे के स्मृति दिवस के अवसर पर 26 अगस्त को भव्य प्रदेश स्तरीय सतनाम पंथी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सतनाम कलाकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हृदय प्रकाश अनंत के साथ कलाकार एवं सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात कर उन्हें बतौर मुख्य अतिथि सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मुलाकात करने वालों में अंतर्राष्ट्रीय पंथी एवं पंडवानी कलाकार, पद्मश्री डॉ. उषा बारले, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, शिवा जांगड़े, द्वारिका बर्मन, चंदन बांधे, राजमहंत सुखचंद भास्कर, शशि सतनामी, पंडित राम जोशी, कृष्णा रात्रे आदि उपस्थित रहे।

### डस्टबिन नहीं रखा प्रतिबंधित प्लास्टिक मिला 7 दुकानों पर जुर्माना

**रायपुर।** शहर में स्वच्छता अभियान चलाने और लोगों को शहर को साफ-सुथरा रखने की अपील के बाद भी डस्टबिन नही रखने और बाजार क्षेत्र में कचरा फैलाने की शिकायत थम नहीं रही है। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डस्टबिन नहीं रखने, गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने की शिकायत सही पाई गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर निगम की टीम ने मनमीत केमिकल, बालाजी एजेंसी, सिंघ हार्डवेयर, पलक हार्डवेयर, प्रिंस सेनिटेशन पर 1000-1000 रुपए, सुपर मशीनरी पर 500 रुपए, रामेश्वर साहू पर 2 हजार रुपए इस तरह कुल 7 संबंधित दुकानों के संचालकों पर 7,500 रुपए का ई चालान किया।

### बढ़े बिजली दरों से जनता बेहाल : ठाकुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही बिजली दरों, भारी-भरकम टैरिफ और अब जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटरों ने आम जनता, किसानों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चारों ओर से सामने आ रही जनता की परेशानियां और जनाक्रोश यह साबित करता है कि बिजली विभाग और प्रशासन जमीनी हकीकत से पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है। इस जनविरोधी नीति, स्मार्ट मीटर की तानाशाही और शहर में व्याप्त जलसंकट के खिलाफ मुखर होते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व श्रम कल्याण मंडल सदस्य (छत्तीसगढ़ शासन) एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सरकार और प्रशासन को आड़े हाथों लिया है।

# शौचालय में बंद न रह जाएं छात्र, इसलिए स्कूल बंद होने के पहले सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शाला समय समाप्त होने के बाद अब शिक्षक सीधे घर नहीं जा सकेंगे। उन्हें इस बात की जांच करनी होगी कि कोई भी छात्र विद्यालय में फंसा ना रहे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संदर्भ में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। डीपीआई ने अपने आदेश में कहा, अक्सर यह देखा गया है कि विद्यालय में उचित देखरेख न होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, असावधानीवश किसी छात्र के कक्षा या शौचालय में बंद रह जाने जैसी अप्रिय घटनाएं भी संज्ञान में आती है, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसलिए छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने शाला प्रबंधन को निर्देशित किया गया है।



## लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश

### उत्तरदायी होंगे शिक्षक

*आदेश के अनुसार, प्रतिदिन विद्यालय बंद होने के पूर्व संस्था प्रमुख (प्राचार्य/प्रधानपाठक) यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं और खेल के मैदानों की गहन जांच कर ली गई है। यह सुनिश्चित करने के बाद ही कमरों और मुख्य द्वार पर ताला लगाया जाए कि कोई भी छात्र परिसर के भीतर नहीं छूटा है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन रोटेशन के आधार पर शिक्षक अथवा कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए, जो छुट्टी के समय पूरे परिसर का निरीक्षण कर ताला बंद करवाने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। छुट्टी के समय मुख्य द्वार पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने तथा विद्यार्थियों के सुरक्षित निकास के लिए गेट पर शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य की जाएगी। विद्यालय प्रांगण में गड्ढे व खुला बोरवेल हो तो तत्काल बंद करवाने की कार्यवाही करने कहा गया है। इसके अलावा बारिश के मौसम में दीवारें गीली होने के कारण खुले विद्युत प्रवाह से होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए विद्युत कनेक्शन भलीभांति चेक कर ठीक करवाने भी कहा गया है।*

## रिकार्ड को ऑनलाइन करने दो करोड़ रुपए का प्रस्ताव लाने की तैयारी में प्रशासन

# नकल निकालने की दिक्कत होगी खत्म, ऑनलाइन होंगे कलेक्टोरेट रिकार्ड रूम में रखे सभी दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट के रिकॉर्ड रूम में रखे जमीन-जायदाद से संबंधित दस्तावेज-मिसलबंद के नकल निकालने में आ रही दिक्कतें जल्द ही खत्म होंगी, क्योंकि जिला प्रशासन अब सारे पुराने रिकार्ड को ऑनलाइन करने की तैयारी में है।

रिकार्ड को ऑनलाइन करने के लिए लगभग दो करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी बनाया जा रहा है। इस प्रस्ताव को शासन से मंजूरी मिलने के बाद रिकार्ड को ऑनलाइन किए जाने का काम किया जाएगा।

### नकल निकालने में दो दिन से लेकर कई हफ्ते तक लग रहे

कलेक्टोरेट के रिकार्ड रूम में रखे जमीन-जायदाद से संबंधित दस्तावेज-मिसलबंद के नकल निकालने के दौरान लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन करने के बाद भी लोगों को नकल मिलने में दो दिन से लेकर कई हफ्ते तक लग जाते हैं। समय पर नकल नहीं मिलने के कारण न्यायिक मामलों की सुनवाई पर असर पड़ता है, क्योंकि कई पुराने प्रकरण में मिसलबंद की जरूरत पड़ती है। बिना मिसलबंद नकल के न्यायालय में सुनवाई आगे बढ़ नहीं पाती, वहीं कई प्रकरणों में प्रॉपर्टी के पुराने दस्तावेजों की नकल की जरूरत पड़ती है। ऐसे में नकल निकालने में लगने वाले समय के कारण लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




### स्टॉफ की कमी, इसलिए दस्तावेज को ढूंढकर निकालना भी चुनौती से कम नहीं

रिकॉर्ड रूम में स्टॉफ की कमी है, इस कारण से पुराने दस्तावेज को ढूंढकर निकालने में कर्मचारियों का पसीना भी छूट जाता है, क्योंकि रिकार्ड रूम में वर्तमान से लेकर 100 साल पुराने भी दस्तावेज-मिसलबंद रखे हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर रखे दस्तावेजों के बीच किसी विशेष सन के दस्तावेजों को ढूंढकर निकालने में कर्मचारियों को भारी मेहनत करना पड़ती है। इसमें एक-दो दिन से लेकर कभी-कभी एक से दो हफ्ते तक लग जाते हैं।

### प्रस्ताव बनाने की प्रक्रिया जारी

रिकार्ड रूम में रखे सारे दस्तावेज-मिसलबंद को ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाने की प्रक्रिया जारी है। रिकार्ड को ऑनलाइन करने में लगभग दो करोड़ रुपए का खर्च आने की संभावना है। जल्द ही प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

\- **कीर्तिमान सिंह राठौर,** अपर कलेक्टर रायपुर

### ऑनलाइन होने से रिकार्ड रहेंगे सुरक्षित

ऑनलाइन होने से सभी रिकार्ड सुरक्षित भी रहेंगे, क्योंकि वर्तमान में सालों पुराने रिकार्ड जिस स्थिति में रखे हुए हैं, इससे उनके कभी भी नष्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है। रिकॉर्ड रूम में आग लगने से लेकर अन्य कई कारण से दस्तावेजों के नष्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है। ऐसे में सभी रिकार्ड ऑनलाइन होने हैं, तो मैनुअल रिकार्ड नष्ट होने के बाद भी वे हमेशा के लिए सुरक्षित रहेंगे।

### एक क्लिक पर निकलेगी नकल

प्रशासनिक सूत्र के अनुसार रिकार्ड ऑनलाइन होने पर लोगों को नकल निकालने के लिए नकल शाखा के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑनलाइन होने से पोर्टल में संबंधित दस्तावेज की नकल आसानी से निकल जाएगी। इससे समय की बचत भी होगी। उल्लेखनीय है कि जिले की सभी तहसील अंतर्गत जमीनों के सारे रिकार्ड भूइयां पोर्टल पर ऑनलाइन हो चुके हैं। इस पोर्टल में खसरा का विवरण, ग्राम का चयन करते सारे दस्तावेज एक क्लिक में दिखाई देते हैं। इसी प्रकार पंजीयन विभाग के सारे पुराने रिकार्ड भी ऑनलाइन किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

# साढ़े आठ लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बकाया की वसूली के लिए प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजान में अब तक साढ़े आठ लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिल का समाधान किया गया है। इसको इस योजना से साढ़े सात सौ करोड़ का सरचार्ज भी माफ हो गया है। अब बचे उपभोक्ताओं को भी योजना का लाभ देने के लिए योजना की तिथि को तीन माह के लिए बढ़ा दिया गया है। इसी के साथ जिन उपभोक्ताओं के मामले में न्यायालय में चल रहे हैं, उनको भी योजना का लाभ देने का ऐलान किया गया है, लेकिन इसके लिए ऐसे उपभोक्ताओं को पहले न्यायालय से अपने प्रकरण वापस लेने होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया, मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में उपभोक्ताओं से मिल रहे उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना की अवधि 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल संबंधी प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं, वे न्यायालय से अपना प्रकरण वापस लेकर योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। नियमानुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उन्हें उपलब्ध छूट एवं अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे।

■ **अब न्यायालय में चल रहे मामलों के लिए भी समाधान योजना**

### 745 करोड़ का सरचार्ज माफ

योजना में अब तक प्रदेश भर के 8 लाख 61 हजार 38 सक्रिय उपभोक्ताओं का पंजीयन हुआ है, जिन पर 1,493 करोड़ रुपए की कुल बकाया राशि है। इसको 745.61 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। इन उपभोक्ताओं से पंजीयन शुल्क के रूप में 85.22 करोड़ रुपए मिले हैं। 1 लाख 42 हजार 799 उपभोक्ताओं ने अपने प्रकरणों का संपूर्ण समाधान प्राप्त किया है। इनको मूल राशि में 28.28 करोड़ रुपए तथा अधिभार में 50.60 करोड़ रुपए की छूट दी गई है। इनसे 58.96 करोड़ रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त 3.58 लाख निष्क्रिय उपभोक्ताओं को मूल राशि में 124.31 करोड़ रुपए तथा अधिभार में 40.76 करोड़ रुपए, यानी कुल 165.07 करोड़ रुपए की छूट प्रदान की गई। इनसे 2.52 करोड़ रुपए का भुगतान प्राप्त हुआ।

# प्राथमिक स्कूल में खेल सामग्री का लोकार्पण

**सिमगा।** शासन की पहल पर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालयों में खेलकूद की सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिमगा के शंकर नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में 99,800 रुपये की लागत से व्यायाम एवं खेल सामग्री स्थापित की गई है। इस कार्य के पूर्ण होने के बाद विद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में इन खेल सामग्रियों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, एल्डरमैन द्वय परस पाटकर एवं राजेश सिंह, राजेन्द्र वर्मा, शिक्षा अधिकारी डी एस ठाकुर, शाला के प्रधान पाठक संतोष शर्मा, शिक्षक प्रतीश तम्बोली, पुष्पा पैकरा, रश्मि यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर बच्चों के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यालय में आधुनिक खेल सामग्री उपलब्ध होने से बच्चों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन और व्यायाम का बेहतर वातावरण मिलेगा। इससे विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा उनका आत्मविश्वास और स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।विद्यालय परिवार ने शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल सामग्री लगने से छोटे बच्चों को सुरक्षित वातावरण में खेलने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिसर में झूला, फिसल पट्टी एवं अन्य खेल उपकरण लगने से बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया।



# रथ द्वितीया पर सजा खाटू श्याम दरबार, भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

**बलौदाबाजार।** रथ द्वितीया पर शहर में राजकुमार केड़िया परिवार की ओर से भव्य खाटू श्याम दरबार का आयोजन किया गया। आकर्षक श्रृंगार, संगीतमय भजन संध्या और महाआरती के बीच श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे।

दरबार का भव्य श्रृंगार रायपुर के पंडित कृष्णाचार्य ने किया। वहीं भजन संध्या में रायपुर के शिवम वैष्णव एवं खरोरा के आर्य राम शर्मा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। एक से बढ़कर एक भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। आयोजन के दौरान बाबा खाटू श्याम का प्रसाद वितरित किया गया तथा महाआरती के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित आयोजन में शामिल हुए। आयोजक राजकुमार केड़िया एवं अनीता केड़िया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से जोड़ना है। पंडित कृष्णाचार्य ने बताया कि बाबा खाटू श्याम की अखंड ज्योत का विशेष महत्व है। शुद्ध घी एवं मेवा से प्रज्वलित इस ज्योत की श्रद्धापूर्वक पूजा करने से बाबा की कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि बाबा को इत्र अर्पित करने तथा छप्पन भोग लगाने की भी विशेष परंपरा है।



# 14 उज्ज्वला गैस कार्ड, 12 से ज्यादा सिलेंडर जब्ती के मामले में अब होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित चंगोराभाठा में एक चॉइस सेंटर में खाद्य विभाग ने छापा मारकर गैस के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया था। इस कारवाई के दौरान मौके से उज्ज्वला योजना के तहत वितरित किए गए 14 गैस कार्ड के साथ एक दर्जन से अधिक विभिन्न कम्पनियों के भरे गैस सिलेंडर बरामद किए थे। इतनी बड़ी कार्रवाई के लगभग दो महीने बाद भी इस मामले में दुकान संचालक के खिलाफ विभाग ने कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया और मामूली प्रकरण बनाने की खानापूर्ति कार्रवाई की। इधर इस मामले में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वे इसमें सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देंगे। खाद्य निरीक्षक वीणा किरण साहू के नेतृत्व में लगभग दो माह पूर्व चंगोराभाठा स्थित एक चॉइस सेंटर में विभाग की टीम ने छापा मारा था। इस दौरान चॉइस सेंटर से एक दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर तथा उज्ज्वला योजना के तहत वितरित किए गए 14 गैस कार्ड भी बरामद किए गए थे। जांच में पाया गया कि इस चॉइस सेंटर का संचालक दुकान की आड़ में गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार पिछले कई साल से करता आ रहा है। जांच में यह भी पाया गया कि जो 14 गैस कार्ड मौके से बरामद हुए हैं, उन कार्ड को दुकानदार स्वयं इस्तेमाल करता था तथा ऑनलाइन बुकिंग कराकर आसानी से इसकी डिलीवरी लेकर अधिक दाम पर ग्राहकों को बेचा करता था।

■ **चंगोराभाठा स्थित चॉइस सेंटर में छापे में अवैध सिलेंडरों की बिक्री का हुआ था भांडाफोड़**

### कई गैस एजेंसी से साठगांठ की आशंका

छापामारी के दौरान मौके से मिले कई कंपनियों के सिलेंडर एवं गैस कार्ड मिलने से दुकान संचालक की कई गैस एजेंसियों से भी साठगांठ होने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इस दिशा में विभाग द्वारा जांच तक नहीं की गई। इधर जिन उपभोक्ता के गैस कार्ड मिले हैं, उनके बारे में भी पता नहीं लगाया गया है कि आखिर ये कार्ड आरोपी संचालक के पास आए कैसे तथा इन कार्डों से सिलेंडर की बुकिंग एवं डिलीवरी कैसे हो रही थी।




### *सख्त कार्रवाई कराई जाएगी*

*कलेक्टर के निर्देश हैं कि गैस सिलेंडरों, डीजल-पेट्रोल के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में जांच कराकर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।*

*\- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर रायपुर*

# बछेरा में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, रातभर गूंजता रहा भजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम बछेरा में भगवान श्रीजगन्नाथ के रथयात्रा पर धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्व. विजय निषाद की स्मृति में सदाराम निषाद एवं लीला निषाद के सौजन्य से नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इससे पूर्व गांव में जसगीत के साथ गली भ्रमण के साथ श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए पूरे गांव में भ्रमण कर मंदिर पहुंचे, जहां वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना की गई। पूरे आयोजन के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। रात्रि में आयोजित संगीतमय रामायण कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुप्रसिद्ध रामायण मंडली के कलाकार हिरेश सिन्हा एवं जितेश्वरी सिन्हा ने अपनी मधुर प्रस्तुति से देर रात तक भक्ति की रसधारा प्रवाहित की। श्रीराम के जीवन प्रसंगों और भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुरेश साहू, सरपंच प्रभा विजय साहू, दीपक निषाद, ओंकार साहू भीखम निषाद, अजय निषाद, डॉ. धन्नू साहू, दशरथ निषाद, धनेश वासुदेव, पवन ध्रुव, प्रमोद यदु, तिवारीलाल वासुदेव, दयाराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भगवान हमारे भीतर हैं, उन्हें बाहर नहीं खोजें

खरोरा। ग्राम केशला के प्रभात फेरी चौक में समस्त देवांगन परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन कथावाचक पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने कहा कि भगवान हमारे भीतर विराजमान हैं, लेकिन मनुष्य उन्हें बाहर खोजने में लगा रहता है। उन्होंने कहा कि तप ही सृष्टि का आधार है और तपस्या से ही मनुष्य ज्ञान, सिद्धि एवं जीवन की श्रेष्ठ उपलब्धियां प्राप्त करता है। कथा के दौरान उन्होंने ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद, गजेंद्र मोक्ष, अजामिल प्रसंग, सती चरित्र तथा भगवान शिव की बारात का भावपूर्ण वर्णन किया। ध्रुव की अटूट तपस्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि दृढ़ संकल्प और भक्ति से भगवान की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। सती प्रसंग के माध्यम से उन्होंने सम्मान और मर्यादा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जहां सम्मान न मिले, वहां नहीं जाना चाहिए। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे श्रद्धालुओं ने सराहा। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। 14 से 22 जुलाई तक चलने वाली इस भागवत कथा का आयोजन भरत लाल देवांगन द्वारा अपनी दिवंगत पत्नी भारती देवांगन की स्मृति में कराया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक आयोजित कथा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



# नगर में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत के बालाजी मंदिर से महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और रथ की डोरी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने भी रथयात्रा में शामिल होकर महाप्रभु के रथ की डोरी खींची। उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अत्यंत सौभाग्यशाली रहा। महाप्रभु भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। रथ की डोरी थामते ही असीम शांति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई।

उन्होंने महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे खरोरा नगर एवं समस्त क्षेत्रवासियों पर अपनी असीम कृपा और आशीर्वाद बनाए रखें तथा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य का वास हो।

रथयात्रा के दौरान पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ महाप्रभु का स्वागत किया और यात्रा के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।



# खबर संक्षेप

## कार्तिक राम अध्यक्ष और लेखनी साहू बनीं उपाध्यक्ष



**लाहोद ।** स्थानीय शासकीय स्वामी आत्मानंद में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पालको के माध्यम चुनाव किया गया नई शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद के लिए कार्तिक राम साहू वही उपाध्यक्ष के रूप लेखनी साहू का चयन किया गया। इसके के रूप में प्राचार्य के पी साहू नवनिर्वाचित सदस्य एवं पदाधिकारियों सरपंच किशोर साहू, रामविशाल साहू, सियाराम साहू, राजेंद्र साहू, विजय सेन, कमलेश पटेल, निलेश ध्रुव, भानूमति साहू, दुर्गा राजपूत, वर्षा पटेल, स्वाति साहू, मोतिन साहू, रामेश्वरी, अंजूलता शिक्षक, रुद्रकुमार चंद्रवंशी एवं सदस्यों ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामीणों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पौधारोपण कर प्रकृति की सुंदरता बढ़ा रहीं महिला



**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला फर्सवानी मे पदस्थ नवाचारी शिक्षिका सुखमती चौहान ने भीषण गर्मी और धूप से बचाव के लिए बाजार क्षेत्रों, चौराहों, सब स्टैंड और सड़क किनारों पर पौधारोपण की। उनका सहयोग करने के लिए बंधापली से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राधा देवी चौहान साथ रहीं। सुखमती चौहान वर्ष 2010 से निरंतर पौधारोपण कर रही हैं। उनके द्वारा लगाए गए सभी वृक्ष आज भी हरे- भरे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम प्रकृति की गोद में रहते हैं। प्रकृति ही मनुष्य के विकास का आधार है। यदि यह कुपित हो जाए तो विनाश को रोका नहीं जा सकता। इसलिए हमें वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए.। उन्होंने आगे कहा कि आज मानव अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दुरुपयोग कर रहा है। जबकि प्रकृति हमें सिखाती है कि जीवन परमार्थ के लिए होना चाहिए.। जिस तरह नदियों की धारा और फलों से लदे वृक्ष सभी को जीवन देते हैं, उसी तरह हमें भी अपना समय, श्रम और प्रतिभा जन कल्याण और समाज कल्याण में लगानी चाहिए.। तभी हमारा जीवन सफल, सुंदर और सुखी बन सकता है। स्थानीय लोगों ने उनके इस प्रयास की सराहना की है।

## विद्यार्थियों को मिले उपहार, खिले चेहरे



**पलारी।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय दतान (प) में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का प्रेरणादायक कार्य किया गया। समाजसेवी ने कक्षा पहली से पाँचवीं तक के सभी विद्यार्थियों को एक-एक जोड़ी जूते एवं मोजे तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को गिफ्ट पैक जिसमें कॉपी, पेन, स्केल, एक कटर एवं एक शार्पनर आदि सामग्री विद्यार्थियों को उपहार में दिया। साथ ही उनके द्वारा इस सेवा कार्य का कोई श्रेय न लेते हुए अपना नाम सार्वजनिक न करने का आग्रह किया। उपहार प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान और उनके मन में उमड़ा उत्साह इस नेक पहल की सबसे बड़ी सफलता रही। विद्यालय परिवार ने इस मानवीय, प्रेरणादायक एवं सराहनीय कार्य के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है तथा उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए सच्ची सेवा वही है, जिसमें सम्मान की अपेक्षा नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियाँ बाँटने का भाव हो।

# विद्यालयों में गूंजेगा लोकतंत्र का स्वर: बाल संसद के गठन के लिए प्रधानपाठकों का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नवीन प्राथमिक शाला माठ में विद्यालयों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से बाल संसद गठन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से खरोरा, बेल्दार सिवनी, अड़सेना, पचरी, कनकी, घिवरा, असौंदा, ईल्दा, भड़हा, कठिया, मोहरेंगा तथा बंगोली सहित विभिन्न संकुलों के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बाल संसद के गठन की संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि 18 जुलाई को चुनाव की घोषणा की जाएगी, 20 जुलाई को नामांकन की अंतिम तिथि एवं नामांकन पत्रों की



जांच होगी, 23 जुलाई तक चुनाव प्रचार किया जाएगा, 24 जुलाई को मतदान एवं मतगणना संपन्न होगी, 25 जुलाई को निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण एवं कैबिनेट का गठन किया जाएगा तथा 27 जुलाई को प्रथम कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालयों में लोकतांत्रिक पद्धति से बाल संसद का गठन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे वे भविष्य के जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे। प्रशिक्षण में तारकेश्वर कुमार धीवर, युधिष्ठिर बुड़ेक, उदेराम वर्मा, बी.पी. वर्मा, भरत लाल धुरंधर,बिशेषर वर्मा, रुक्मणी कुर्रे सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### टोनाटार में रथयात्रा पर्व की धूम

# निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

यहां भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान पूरा अंचल जय जगन्नाथ की जयकारे से गूंज उठा। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और जय जगन्नाथ के नारे लगाए गए। ग्राम पंचायत टोनाटार में भी वर्षों की गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए बजरंग चौक से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा अत्यंत भक्ति भाव के साथ निकाली गई। रथ पर विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन के लिए मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे गली मोहल्ले में रथ यात्रा का स्वागत किया गया और भक्तों ने जय जगन्नाथ की जय घोष के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। रथ यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसी रथ पर भगवान जगन्नाथ को विधि विधान के साथ विराजमान किया गया। रथयात्रा शाम 4 बजे बजरंग चौक से प्रारंभ हुई। विभिन्न चौक चौराहा गुड़ीपारा इमली पारा और डिपरा पारा से होते हुए वापस बजरंग चौक में आकर शांतिपूर्ण माहौल में समापन किया गया। महिलाओं ने अपने घरों के सामने श्रद्धा के साथ भगवान



जगन्नाथ के रथ का स्वागत किया और आरती उतारते हुए पूजा अर्चना की। रथ यात्रा में महराज मनोज वैष्णव द्वारा सवार होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद देते रहे। इस दौरान टोकेश्वर ध्रुव कुलदीप वर्मा ओमप्रकाश वर्मा रामकुमार जायसवाल जनक रजक मोंगराम वर्मा जामवंत वर्मा मोहन वर्मा बुधारू वर्मा दुर्गेश वर्मा जितेंद्र रजक लक्ष्मण वर्मा लिकेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चिरपोटा में निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**मुंडा।** ग्राम पंचायत चिरपोटा में 16 जुलाई को मोंटू वैष्णव यहां मंदिर में विराजित जगन्नाथ भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की मूर्ति स्थापित है जिसे दर्शन करने के लिए गांव के लोग और आसपास से मुंडा कोलिहा जामडीह कोहरौद कारी के लोग भारी संख्या में पहुंचकर दर्शन कर मेले का आनंद लिया। महाराज द्वारा सुबह से शाम तक दर्शन करने वाले भक्तों को प्रसाद देते रहे। शाम को रिमझिम बारिश मे गांव भर के सभी भक्तों द्वारा बाजेगाजे के साथ नाचते गाते हर्ष उल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ को रथ में बिठाकर मंगल आरती के लिए गांव भर घूमाकर नया तालाब के राधा कृष्ण मंदिर में लेकर झूलना झुलाया और पुनः मोंटू वैष्णव यहां मंदिर में विराजित किया गया, जिसमें सम्मिलित जीवराखन वर्मा, गौवकरण वर्मा, फूलेश वर्मा, धनेश्वर वर्मा, छन्नूलाल, उदित, नारायण, अमरनाथ, गुलाब, मुकुंद, पूषऊ, सुमित, पुनाराम, रामकृष्ण वर्मा, यावत वर्मा, कमल, छायरा डॉक्टर ,आशीष वर्मा, सोनू ,टिकेश्वर, जानीक, बृजमोहन, आकाश, राजेंद्र, प्रियांशु, कीर्तन, हरीश सहित भरी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।



## गुमा में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**भरुवाडीह / सैहा /गुमा ।** ग्राम गुमा में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। आदर्श बाल समाज गुमा के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में पूरा गांव 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। रथयात्रा में उमड़े भक्तों ने महाप्रभु के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।



परंपरा के अनुसार, रथ पर सवार महाप्रभु जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और माता सुभद्रा जी का नगर भ्रमण शुरू होते ही भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गांव की गलियों, प्रमुख चौकों और चौराहों पर श्रद्धालुओं ने पलक-पावड़े बिछाकर भगवान का स्वागत किया। जगह-जगह रथ को रोककर त्रिदोष देवों की भव्य महाआरती उतारी गई और कपूर व धूप की सुगंध से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर आदर्श बाल समाज गुमा द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं व भक्तों को विशेष रूप से 'गजामुंग' का पवित्र महाप्रसाद वितरित किया गया। ग्रामीणों की रही गरिमामयी उपस्थिति इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में आदर्श बाल समाज के सदस्यों और ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोमनाथ यादव, भोजराम वर्मा, मोहित राम साहू, सेवाराम यादव, जोहन ध्रुव, पुनाराम साहू, द्वारिका यादव और कृष्णा साहू सहित भारी संख्या में महिला, पुरुष और बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ कमाया।

# मौसमी बीमारियों से बचने स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया गया अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ लक्षण दिखने पर तत्काल उपचार और सूचना की अपील

मानसून के मौसम में बारिश के पानी के जमा होने, नमी बढ़ने और जल-जमाव के कारण विभिन्न संक्रामक रोग तेजी से फैलते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां के साथ ही डायरिया, टाइफाइड, पीलिया जैसे जल जनित अन्य रोग भी आम हैं। इन रोगों से बचाव के लिए ही जिला संपर्क केंद्र के माध्यम से ग्राम पंचायतों से ऑनलाइन जुड़ कर संवाद स्थापित किया जा रहा है। इसमें सम्बंधित ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों को रोग से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। आईडीएसपी के जिला नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बांधे के अनुसार दस्त और उल्टी वाले रोगों में बार-बार दस्त, उल्टी, पेट में ऐंठन और निर्जलीकरण की समस्या हो सकती है। इनसे बचने के लिए पीने का पानी उबालकर या फिल्टर करके पिएँ, खाना अच्छी तरह पकाकर खाएँ और हाथों को साबुन से बार-बार धोएँ। गांव में पेयजल स्त्रोतों की सफाई भी जरूरी है। ऐसे ही मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु कहीं जल जमाव न होने दें साथ ही मच्छरदानी का उपयोग करें। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा है साथ ही किसी आवश्यकता पर 104 पर कॉल करने की सलाह दी है ।

# सतनामी समाज बम्हनीडीह ब्लॉक की रम हाईया खूंटे बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत बम्हनीडीह ब्लॉक की सामाजिक चुनाव हुआ। चुनाव प्रदेश कार्यालय रायपुर के निर्देश पर प्रांतीय पदाधिकारी यादराम हिरवानी, जिला अध्यक्ष भूषण खटकर, प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेशलाल जांगड़े तथा कोषाध्यक्ष गणपत बंजारे की देखरेख में कराया गया।

ब्लॉक के 19 गांवों से 173 मतदाताओं की सूची तैयार की गई थी, जिनमें से 131 मतदाताओं ने मतदान किया। समाज प्रमुखों की सहमति से अधिकांश पदों पर



निर्विरोध चयन हुआ, जबकि अध्यक्ष और सचिव पद के लिए मतदान कराया गया। अध्यक्ष पद पर ग्राम बोरसी के रम हाईया खूंटे ने 75 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, वहीं सचिव पद पर जगदीश कुमार बंजारे 77 मतों के साथ निर्वाचित हुए।

अन्य पदाधिकारियों में वेदप्रकाश भारद्वाज को कोषाध्यक्ष, चांदराम चंद्रभाष को सहसचिव, पूर्णिमा टंडन, भोजराम कुर्रे और साहेबलाल कुर्रे को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार खूंटे को मीडिया प्रभारी तथा रथराम कोशले को प्रवक्ता बनाया गया। प्रांतीय पदाधिकारी यादराम हिरवानी ने बताया कि जल्द ही महिला एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल की छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, परसापाली, विकासखंड बिलाईगढ़ में कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उन्हें




नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने शासन की इस जनहितकारी योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी तथा नियमित उपस्थिति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## चाकू की नोक पर मजदूर से नकदी-मोबाइल लूटा

**रायपुर।** काम से लौट रहे मजदूर के साथ तीन अज्ञात बदमाशों ने 12 सौ रुपए नकद के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की है। टाइल्स लगाने का काम करने वाला मूलतः राजस्थान निवासी अमरजीत सिंह ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। मजदूर ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार शाम अपने साथी के साथ काम खत्म करने के बाद पैदल अपने घर लौट रहा था। बाइक सवार तीन लड़के स्कार्फ बांधे हुए अमरजीत के करीब पहुंचे और चाकू की नोक पर धमकाते हुए उसके साथ लूट की।

# ओपन बोर्ड नकल प्रकरण, 23 मई को हुई जांच डेढ़ माह बाद भी शासन तक नहीं पहुंची रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ सीसीटीवी फुटेज वायरल होने से मचा हड़कंप,

■ डीईओ बोले– केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षकों को जारी होगा शो–कॉज नोटिस

जिले के कसडोल विकासखण्ड मुख्यालय स्थित पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय में आयोजित ओपन बोर्ड परीक्षा के दौरान कथित नकल कांड की जांच पूरी होने के बावजूद कार्रवाई फाइलों में अटकी हुई है। 23 मई को गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने पूरे मामले की जांच कर ली थी, लेकिन लगभग डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जांच प्रतिवेदन राज्य शासन को नहीं भेजा गया है। इससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं।

यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब 30 मार्च की परीक्षा का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आया। इस फुटेज को प्रमुखता से प्रसारित किया था। वायरल वीडियो में परीक्षा कक्ष के भीतर छात्रों तक गाइड की फोटोकॉपी पहुंचाने और परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियां होने के आरोप लगे थे। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन बलौदाबाजार और पलारी बीईओ तथा अमेरा स्कूल के प्राचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच टीम ने 23 मई को परीक्षा केंद्र पहुंचकर जांच की थी। उम्मीद थी कि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई होगी, लेकिन जांच पूरी होने के बाद भी रिपोर्ट शासन तक नहीं पहुंचने से कार्रवाई अधर में लटक गई है।

इस पूरे मामले को लेकर अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में भी नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि परीक्षा केंद्रों पर इस तरह की अनियमितताओं पर समय पर और सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ेगा। उनका यह भी कहना है कि यदि जांच रिपोर्ट दबाई गई या कार्रवाई में अनावश्यक देरी की गई तो गलत संदेश जाएगा।

इधर जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा ने कहा है कि मामले में केंद्राध्यक्ष और परीक्षा पर्यवेक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उनके जवाब प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सबसे बड़ा सवाल अब भी बरकरार है जब 23 मई को जांच पूरी हो चुकी है, तो आखिर जांच प्रतिवेदन अब तक राज्य शासन को क्यों नहीं भेजा गया? क्या कार्रवाई को जानबूझकर टाला जा रहा है या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण मामला लंबित है? इस देरी ने शिक्षा विभाग की जवाबदेही और परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कविता और ज्योति राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा



**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, करहीबाज़ार की कविता निषाद एवं ज्योति सोनी ने राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण तथा निखिल निषाद एवं बेदराम पटेल ने रजत पदक प्राप्त किया। कविता और ज्योति का चयन राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप कुमार शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर चंद्र देवांगन, प्राचार्य आई एल देवदास, सरपंच ग्राम पंचायत करही बाजार कमला अरुण निषाद, शाला विकास समिति अध्यक्ष बसंत देवांगन, मुकेश केसरवानी, रामकुमार यादव, रमाशंकर पटेल, व्यायाम शिक्षक आलोक गुप्ता आलोक मिश्रा, योगेश कटैलिहा, अमित तिवारी, परिचय मिश्रा, तरुण सेन, चंद्रकांत बागडे, उमा प्रसाद राठौर, रेणुका साहू, अखिलेश यादव, लोक सिंह दीवान, शिवांशु केशरवानी ने बधाई दी।

### सीसी टीवी कैमरा फुटेज को चुरा कर ले गए चोर

**मुंडा।** ग्राम पंचायत कोहरौद के पूर्व माध्यमिक शाला में लगे सीसीटीवी फुटेज आसामाजिक तत्वों की रोकथाम के लिए लगाया गया था, जिसे 8 जुलाई को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है, जिसकी सूचना लवन थाना में शिकायत दर्ज कराया जा चुकी है। पूर्व माध्यमिक शाला कोहरौद स्कूल के प्रधान पाठक ने लवन थाना प्रभारी से अनुरोध किया है कि यथाशीघ्र पतासाजी करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि स्कूल में किसी प्रकार की आसामाजिक तत्वों से घटित ना हो सके।



### डीएव्ही स्कूल में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण का आवेदन 22 तक

**बलौदाबाजार।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत संचालित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी (बलौदाबाजार), छरछेद (कसडोल), टिकुलिया (भाटापारा) के लिए आरक्षित प्री प्राथमिक, प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक कक्षा में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण का आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 22 जुलाई तक संबंधित डी.ए.व्ही. स्कूलों में जमा कर सकते हैं। इन स्कूलों में आरक्षित कुल 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटा के लिए आरक्षित सीट में से रिक्त सीटों के लिए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के बीपीएल श्रेणी के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

### चोरी मामले में दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** सूने मकान में पौने आठ लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी करने वाले तीन चोरों को राजेंद्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने दो नाबालिग हैं। अमलीडीह बीएसयूपी कॉलोनी निवासी बिस्वम्बर महानंद की शिकायत पर पुलिस ने शातिर नकबजन पवन मंडल तथा उसके दो अन्य नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। पवन के खिलाफ पूर्व में दो दर्जन से ज्यादा चोरी, नकबजनी के अपराध दर्ज है।

## निधन

### परमानंद सेन

**पलारी।** ग्राम पंचायत सोनारदेवरी के सेवानिवृत प्रधान पाठक परमानंद सेन 87 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय श्मशान घाट में किया जाएगा। वह विजय,दिनेश रामकुमार व वीरेंद्र कुमार सेन के पिताजी तथा मनोज कुमार सेन के नाना थे।



# शिक्षा के मंदिर तक पहुंचा शराबियों की धमक, सशिमं परिसर में मिली शराब की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम अर्जुनी में सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ती शराबखोरी अब चिंता का विषय बनती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि शिक्षा के मंदिर भी शराबियों से सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा मामला सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी का है, जहां विद्यालय परिसर एवं आसपास बड़ी संख्या में शराब की खाली बोतलें और डिस्पोजल मिलने से विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों में भारी नाराजगी है।

अलग खबर

जानकारी के अनुसार, असामाजिक तत्व देर शाम और रात के समय विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र को शराब पीने का अड्डा बना रहे हैं। सुबह विद्यालय खुलने पर परिसर में शराब की बोतलें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिलने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच असहज माहौल बन रहा है। यह स्थिति शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा और नैतिक वातावरण पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

ग्रामीणों का कहना है कि केवल विद्यालय ही नहीं, बल्कि कुछ शासकीय कार्यालयों के आसपास भी शराबियों का जमावड़ा देखा जा रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

## सरकारी कार्यालयों के आसपास भी शराबखोरी, प्रबंधन ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग



### असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई मांग

विद्यालय प्रबंधन ने इस मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन एवं पुलिस से नियमित गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा विद्यालय परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रबंधन का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि शिक्षा संस्थानों और शासकीय परिसरों के आसपास शराब सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण मिल सके। अब देखना यह होगा कि शिक्षा के मंदिर की गरिमा बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों को शराबियों से मुक्त कराने के लिए प्रशासन कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है।

## किसानों और समूह की महिलाओं को भी प्रशिक्षण देने के निर्देश

# जिला अर्थशाला का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- छात्रों से किया आत्मीय संवाद, डिजिटल बैंकिंग, सायबर फ्राड सहित कैरियर के सम्बन्ध में दिये महत्वपूर्ण टिप्स

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल परिसर में संचालित जिला अर्थशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एवं प्रशिक्षको से वहां उपलब्ध सुविधाओं और प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों के साथ ही किसानों और समूह की महिलाओं को भी डिजिटल बैंकिंग और साइबर फ्रॉड से बचने हेतु प्रशिक्षण के लिये हर माह विकासखंडवार लगभग 600 लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण हेतु आए भारती विद्या मंदिर भाटापारा के कक्षा 12 वीं के छात्रों के साथ आत्मीयता के साथ संवाद किया। उन्होंने छात्रों से पूछा कि अर्थशाला में किस किस विषय के सम्बन्ध में जानकारी मिली, डिजिटल बैंकिंग, सायबर फ्रॉड, शेयर मार्केट चालू और बचत खाता की कितनी जानकारी है। उन्होंने छात्रों को कैरियर के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये। कलेक्टर ने कहा कि आज का समय डिजिटल बैंकिंग का दौर है इसलिए इसके बारे में जानना जरुरी है। डिजिटल बैंकिंग में जितनी सुविधा है उतनी जोखिम भी है। उन्होंने कहा कि यहां से जो जानकारी लेकर जा रहे है उसे अपने माता -पिता और अन्य बुजर्गो को भी बताएं कि किस तरह डिजिटल धोखोधड़ी से बचने सतर्क रहना है।कलेक्टर शर्मा ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के लिये आने वाले छात्रों के लिये बैंकिंग, बीमा, शेयर मार्केट, डिजिटल फॉड से बचने के उपाय से सम्बंधित नोट्स भी उपलब्ध कराएं ताकि घर जाने पर उन महत्वपूर्ण जानकारी को समय-समय पर पढ़ते रहे। उन्होंने कहा कि किसी विषय पर बच्चों को कोई शंका हो तो उसे जरुर दूर करें। प्रशिक्षकों ने विभिन्न उत्पादों के ब्रांड सिंबल, डुप्लीकेसी से बचने तथा शेयर मार्केट में ध्यान रखने वाली महत्वपूर्ण बातो को बताया। इसके साथ कई तरह के स्पोर्ट्स क्विज के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि जिला अर्थशाला की शुरुआत 1 नवम्बर 2025 से हुआ है और अब तक लगभग 2500 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# रिमझिम बारिश से लोगों को उमस से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

आसपास क्षेत्र में 16 तारीख रात्रि से लगातार हो रही रिमझिम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं आसपास गांव के किसान रिखीराम वर्मा, उमाशंकर वर्मा, बलभद्र साहू, दुखित यादव, नारायण वर्मा, ऐजराम वर्मा, महेंद्र वर्मा, जुगनू धतलहरे, दिनेश जोशी, गोविंद, रमेश जोशी, घना जोशी, अच्छे, विश्वनाथ वर्मा, शिवकुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सरपंच दुकालू बंजारे, हलधर वर्मा, सरपंच बाऊ वर्मा, बसंत गुरु, पुलस वर्मा, परस वर्मा ने कहा यह पानी किसानों के लिए बहुत ही फायदेमंद है, क्योंकि धान की फसल के लिए इस समय छीपछीपी पानी होने से खरपतवार नहीं होगा और किसान अपनी खेतों में हल्की-हल्की खाद डालकर निंदाई का कार्य किया जाएगा, इसलिए यह पानी धान के लिए बहुत ही फायदेमंद होगा।

### जिले में अब तक 351 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 17 जुलाई तक 351 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 575 मिमी, बलौदाबाजार में 407.5 मिमी, भाटापारा में 362.1 मिमी, कसडोल 338.4 मिमी, सोनाखान 312.5 मिमी., सुहेला 296.5 मिमी, लवन 293.9 मिमी, पलारी में 290.7 मिमी एवं सिमगा में 282.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 3159 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 351 मिमी है।

## समय पर उपचार ही सर्पदंश से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय

**बलौदाबाजार।** वर्षा ऋतु के दौरान खेतों, झाड़ियों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में साँपों के निकलने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे समय में थोड़ी सी सावधानी और सर्पदंश होने पर सही प्राथमिक उपचार अपनाकर बहुमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। सर्पदंश में तत्काल अस्पताल ले जाकर उपचार कराना ही सबसे प्रभावी उपाय है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश अवस्थी ने जिलेवासियों से अपील की है कि सर्पदंश को गंभीर आपातकालीन स्थिति मानें तथा किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या घरेलू उपचार के बजाय तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपचार प्राप्त करें। नोडल अधिकारी डॉ नवदीप बाँधे ने बताया कि सर्पदंश एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है लेकिन समय पर अस्पताल पहुँचने और एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध होने से अधिकांश मरीजों का सफल उपचार संभव है। कुछ लोग अंधविश्वास में पड़ कर पीड़ित व्यक्ति की झाड़-फूँक करवाते हैं जिससे समय नष्ट होता है और खतरा बढ़ जाता है। यदि सर्प ने काट लिया है तो मरीज को घबराना नहीं है, मरीज को शांत रखें और तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल ले जाएं और मरीज को अधिक चलने-फिरने न दें तथा प्रभावित अंग को यथासंभव स्थिर रखें। घाव वाली जगह को न काटें, न चूसें और न ही जलाएँ। प्रभावित स्थान पर कसकर पट्टी बिल्कुल न बाँधें। शराब, तंबाकू या किसी भी प्रकार का घरेलू उपचार न करें। किसी भी साँप की पहचान करने के प्रयास में समय न गंवाएं, बल्कि हर सर्पदंश को गंभीर मानकर तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुँचें।

**सावधानियां-** सर्पदंश से बचाव हेतु खेत, घास-फूस, झाड़ियों या अंधेरे स्थानों पर जाते समय जूते, चप्पल या लंबे बूट पहनें। रात में बाहर निकलते समय हमेशा टॉर्च का उपयोग करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। लकड़ी, पत्थर, ईंट के ढेर को हाथ लगाने से पहले अच्छी तरह जांच लें। घर एवं आसपास साफ-सफाई रखें तथा झाड़ियों और कचरे का जमाव न होने दें। अनाज को ढंककर रखें ताकि चूहे न आएँ क्योंकि चूहों के कारण साँप भी घरों के आसपास आ सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य सहायता टोल-फ्री नंबर 104 पर संपर्क करें अथवा निकटतम शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में तत्काल उपचार प्राप्त करें।

## संयंत्र ने छात्राओं को स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावण सीएसआर द्वारा मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, नेवारी में किशोरी बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की 110 छात्राओं ने भाग लिया।

उपस्वास्थ्य केंद्र नेवारी की सीएचओ सीमा कंवर ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन, संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जानकारी दी। वहीं आरएचओ विजय साहू ने सेनेटरी पैड के सही उपयोग, समय-समय पर बदलाव, स्वच्छता एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान छात्राओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय की शिक्षिकाएं सारिका सोम, जय लक्ष्मी धगेश, ममता शर्मा एवं यामिनी वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति, रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सुरेन्द्र यादव, हेमलता ध्रुव, सुनीता निषाद, गुमान साहू एवं साहिल बांधे का विशेष योगदान रहा।

# लोकनाथ ताण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला के शिक्षक लोकनाथ ताण्डेय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 में सम्मानित किया गया। रायपुर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं अन्य अतिथियों ने उन्हें सम्मान-पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। लोकनाथ ताण्डेय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारी शिक्षण, नैतिक मूल्यों के संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान मिला। साहित्य के क्षेत्र में भी वे 200 से अधिक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं।

## हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज से



**पलारी।** श्री दूधाधारी मठ रायपुर के गांव अमेठी एवं हिरमी स्थित बाड़ा में नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार पलारी के समीप स्थित ग्राम अमेठी में श्री हनुमान महाराज का मंदिर का निर्माण हो गया है, यहां श्री हनुमानजी की मूर्ति स्थापना एवं प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम 19 जुलाई को संपन्न होगी। यह दो दिवसीय कार्यक्रम है। 18 जुलाई को अखंड मानस गायन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। इसी तरह ग्राम हिरमी में 21 से 23 जुलाई तक तीन दिवसीय महोत्सव में वैदिक पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, मूर्ति स्थापना, हवन- यज्ञ, भजन- कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित होगा। यहां भगवान श्री राम जानकी, श्री लक्ष्मण महाराज की स्थापना होगी। इस आध्यात्मिक महोत्सव में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज एवं श्री दूधाधारी मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कुपोषण व एनीमिया मुक्त समाज की दिशा में पहल, छह गांवों की 130 महिलाओं को मिलेगा लाभ

# संयंत्र ने गर्भवती व शिशुवती माताओं को बांटी पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकरदी सीमेंट वर्क्स के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ने ग्राम ढनढनी में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण संवर्धन के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के निर्देशन एवं एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के तहत 20 महिलाओं को पौष्टिक खाद्य सामग्री युक्त पोषण किट वितरित की गई। सीएसआर के तहत छह गांवों की कुल 130 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।

पोषण किट में चना, सोयाबीन, गुड़, मूंगफली और खजूर जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल रही। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, कुपोषण और एनीमिया की रोकथाम तथा महिलाओं को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना था।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ नम्रता साहू ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित आहार अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में सरपंच बृहस्पति ध्रुव, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, सरपंच प्रतिनिधि रजित ध्रुव, पंच लोकनाथ वर्मा, ईश्वरी मानिकपुरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा बाधेकर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वस्थ माता ही स्वस्थ परिवार और समाज की आधारशिला होती है तथा कंपनी भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े जनहितकारी कार्यक्रम संचालित करती रहेगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएसआर टीम, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

